आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती आज पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी थी। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है और भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए जल संचय––जन भागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हम अगली पीढी तक सही–सलामत पहुंचा सके।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी ऐसा समय है, जब हम किसी नए शौक को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराश सकते है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज बच्चों के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की कमी नहीं, जहां वे काफी कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी टेक्नोलॉजी कैम्प से ऐप बनाने के साथ ही ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के बारे में जान सकते हैं।

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां व डिग्रियां प्रदान कीं। दीक्षांत समारोह राज्य न्यायिक अकादमी शिमला में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून की पढ़ाई करने से आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कई कानूनी सुधार किए हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए कानून बनाकर लगभग 6 हज़ार बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया है और ये कानून बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है। इसके अलावा बेटियों को संपत्ति में समान अधिकार देने का प्रावधान किया गया है। इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल और प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर को कानून के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लॉज़ की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर 4 सौ 51 विद्यार्थियों को उपाधियां जबकि 15 को पी.एच.डी. की डिग्री प्रदान की गई।

स्वास्थ्य निदेशालय

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और मज़बूत करने के लिए चिकित्सा शिक्षा निदेशालय और स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय में कर्मचारियों के संवर्ग को अलग करने की अधिसूचना जारी की है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि सभी कर्मचारियों को अपनी पसंद के अनुसार संवर्ग चुनने का अवसर दिया गया और 14 हज़ार 5 सौ 73 कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय में शामिल हुए हैं। इसके अलावा 5 हज़ार 2 कर्मचारियों ने चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को चुना है।

नवरात्र

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। आज ही हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो गया है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा जो मां के विभिन्न रूपों के समक्ष नतमस्तक हुए। नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की गई। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और श्री नयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इधर राजधानी शिमला स्थित कालीबाड़ी मंदिर और तारादेवी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के समक्ष शीश नवाया।

.......................................................